GST NO. 07AAACE1747M1ZJ CIN U20299DL1986 NPL023253

**EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS**

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

**Tel:** +91-11-26135256 **Email:** press@epch.com

**Fax:** +91-11-26135518,26135519 **web:** www.epch.in

**4th February', 2021**

# ई.पी.सी.एच. प्रेस विज्ञप्ति

## ईपीसीएच पश्चिमोत्तर क्षेत्रीय संयोजक ने राजस्थान के हस्तशिल्प क्षेत्र में विकास और संवर्धन के लिए हस्तशिल्प विकास आयुक्त को अभिवेदन सौंपा

**नई दिल्ली- 4 फरवरी 2021**: हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) बीते तीन दशकों से भी अधिक समय से भारतीय हस्तशिल्पों के निर्यात को बढ़ावा देने का काम कर रही है.

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि परिषद व्यापारिक मुद्दों को लेकर सदस्य निर्यातकों के हित में नीति बनाने को लेकर हस्तक्षेप करने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों के सामने उनका प्रतिनिधित्व करती है.

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने कहा, राजस्थान देश के उन अग्रणी राज्यों में से एक है जो लगभग 7650 करोड़ रुपये (देश से हस्तशिल्प के कुल निर्यात का 30%) का योगदान देता है और यह अपनी समृद्ध परंपरा और विरासत के लिए जाना जाता है, जो इसके हस्तशिल्प उत्पादों में साफ झलकता है. राज्य से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख हस्तशिल्प उत्पादों में वुडन आर्टवेयर, ब्लॉक प्रिंट, टाई एंड डाई प्रिंट, बगरू प्रिंट, सांगानेरी प्रिंट और जरी कढ़ाई शामिल हैं. इसके अलावा, हस्तशिल्प वस्तुएं जैसे फ्लोर कवरिंग, होम फर्निशिंग और फ्लोरिंग, ब्लू पॉटरी इत्यादि भी दुनिया भर के खरीदारों को आकर्षित करती हैं.

ईपीसीएच महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि, "आज ईपीसीएच की प्रशासन समिति के सदस्य और ईपीसीएच के पश्चिमोत्तर क्षेत्रीय संयोजक श्री लेखराज माहेश्वरी ने भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास आयुक्त श्री शांतमनु को राजस्थान में

हस्तशिल्प क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए एक विस्तृत रोड मैप और अभिवेदन सौंपा. उन्होंने हस्तशिल्प विकास आयुक्त से राजस्थान के बाड़मेर जिले में हस्तशिल्प विकास आयुक्त का एक एक्सटेंशन ऑफिस स्थापित करने का भी आग्रह किया ताकि राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित 2.5 लाख से अधिक कारीगरों को कंप्रेहेंसिव हैण्डीक्राफ्ट्स क्लस्टर डेवलपमेंट स्कीम (सीएचसीडीएस) और अन्य सेवाएं मुहैया कराई जा सकें."

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि 2019-20 के दौरान 25,270.14 करोड़ रुपये का हस्तशिल्प निर्यात हुआ और 2020-21 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल-दिसंबर 2020 के दौरान यह रुपये के संदर्भ में 16940.98 करोड़ और अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में 2268.58 मिलियन डॉलर का रहा.

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करे:

**डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच +91-9818272171**

***********

---

# EPCH PRESS RELEASE

**EPCH NORTH-WEST REGIONAL CONVENOR SUBMITTED REPRESENTATIN TO DEVELOPMENT COMMISSIONER (HANDICRAFTS) FOR PROMOTION AND DEVELOPMENT OF HANDICRAFTS SECTOR IN THE STATE OF RAJASTHAN**

**New Delhi – 4th February'2021**: The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) is working for promotion of exports of handicrafts for the last more than three decades. The Council is representing trade issues to concerned authorities to Government of India and State Governments to sought intervention of the policy making in the interest of member exporters, said Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH.

The Rajasthan is one of the leading states of the Country contributing to around Rs. 7650 crores (30% of the total country exports of Handicrafts) and is known for its rich tradition and heritage duly reflected in the handicrafts products of the State. The main handicraft products exported from the State include Wooden Artware, block prints, tie & die prints, Bagaru prints, Sanganer prints and Zari embroidery. Further, handicraft items like floor coverings, Home Furnishings and floorings, blue potteries etc. Handicrafts from Rajasthan also attract buyers across the globe, said Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH.

Today Shri Lekhraj Maheswari, Member, Committee of Administration-EPCH and Regional Convenor, North-West Region-EPCH submitted a detailed road map and representation to Shri Shantmanu, Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles, Govt. of India for promotion and development of handicrafts sector in the State of Rajasthan. He also urged the Development Commissioner (Handicrafts) for opening of an extension office of Development Commissioner

(Handicrafts) in Barmer District of Rajasthan to provide comprehensive Handicrafts Cluster Development Schemes (CHCDS) and other services to about more than 2.5 lakh artisans based at Barmer district of Rajasthan State, said Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH.

The Handicrafts exports during the year 2019-20 was Rs. 25,270.14 crores and during 1st nine months i.e. April-December'2020-21 is Rs. 16940.98 Crores and USD 2268.58 Million informed by Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH.

---

For more information, please contact
Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH +91-9818272171

****************




**Shri Lekhraj Maheswari, Member, Committee of Administration-EPCH and Regional Convenor, North-West Region-EPCH meeting with Shri Shantmanu, Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles, Govt. of India**